# त्योहारी मांग से चीनी वायदा में तेजी

हाजिर बाजार की बढ़ती मांग के कारण चीनी वायदा कीमत शुक्रवार को 0.56 फीसदी की तेजी के साथ तीन माह के ताजा उच्चस्तर 3,570 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। हालांकि बाजार में पर्याप्त आपूर्ति ने लाभ को कुछ सीमित कर दिया। एनसीडीईएक्स में चीनी के नवंबर डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 20 रुपये अथवा 0.56 फीसदी की तेजी के साथ 3,570 रुपये प्रति क्विंटल हो गई जिसमें 16,230 लॉट के लिए कारोबार हुआ। अक्टूबर डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 18 रुपये की तेजी के साथ 3,568 रुपये प्रति क्विंटल हो गई। *भाषा*